futuretopper.in

Series 8EFDG

Set – 2

प्रश्न-पत्र कोड **4/8/2**

अनुक्रमांक

Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (ब)

HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे

अधिकतम अंक : 80

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***16*** *प्रश्न हैं।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***चार खंड*** *हैं –* ***क, ख, ग*** *और* ***घ*** *।*

(iii) ***खंड-क*** *में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।*

(iv) ***खंड-ख*** *में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

(v) ***खंड-ग*** *पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न हैं, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।*

(vi) ***खंड-घ*** *रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

(vii) *यथासंभव* ***सभी*** *खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

खंड – क

(अपठित बोध) 14

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : **7**

हर रिश्ते में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन उन्हें सहनशीलता और धैर्य के साथ सुलझाने में ही समझदारी है। कई बार दूसरों की परिस्थितियों और दृष्टिकोण को समझने के प्रयास में टकराव की बजाय समाधान जन्म लेते हैं। यह सोच केवल व्यक्तिगत रिश्तों में नहीं, बल्कि व्यावसायिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तरों पर भी लागू होती है। जब एक पीढ़ी दूसरी के लिए सहयोग करती है – चाहे वह ज्ञान का आदान-प्रदान हो, तकनीकी सहायता हो या भावनात्मक समर्थन – तो इसे केवल दायित्व नहीं, बल्कि प्रेम और आपसी जुड़ाव की अभिव्यक्ति के रूप में देखना चाहिए। सहयोग को 'अहसान' की तरह लेना रिश्तों में दीवार खड़ी करता है, जबकि खुले दिल से स्वीकारना संबंधों में मधुरता लाता है।

हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी आयु का हो, वह आदर और आत्मसम्मान की अपेक्षा करता है। अगर हम परिपक्वता का अर्थ केवल नियंत्रण समझें और युवावस्था को केवल उग्रता से जोड़ दें, तो असंतुलन स्वाभाविक है। आदर्श स्थिति तब होती है, जब वरिष्ठ अनुभव साझा करें, पर नियंत्रण न करें और युवा अपने आत्मसम्मान को बचाते हुए दूसरों का आदर करें। जीवन एक साझी यात्रा है, जहाँ सभी की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। यह यात्रा केवल लक्ष्य प्राप्त करने की नहीं, बल्कि एक-दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की है। जब हम यह समझ जाते हैं कि सब एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि साथी हैं, तभी सच्ची मानवता प्रकट होती है। पीढ़ियों या सोच के बीच का अंतर कोई अड़चन नहीं, बल्कि एक अवसर है – सीखने, सिखाने और विकसित होने का। यदि हम खुले मन, सम्मान और सामंजस्य के साथ आगे बढ़ें तो हर संबंध बेहतर हो सकता है। आपसी सामंजस्य ही समाज में शांति, सहयोग और सौहार्द की नींव बनता है।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(i) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर के लिए सर्वाधिक सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

- **कथन :** जीवन एक साझी यात्रा है, जहाँ सभी की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है ।
- **कारण :** आपसी सामंजस्य ही समाज में शांति, सहयोग और सौहार्द की नींव बनता है ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन सही है लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन गलत और कारण सही है ।

(ii) दूसरों के दृष्टिकोण और परिस्थितियों को समझने से क्या **नहीं** होता ? 1

(A) परस्पर टकराव से बचा जा सकता है ।

(B) समस्या का समाधान मिल सकता है ।

(C) आपसी प्रेम-सौहार्द बढ़ता है ।

(D) परस्पर दूरियाँ बढ़ती हैं ।

(iii) कॉलम-1 और कॉलम-2 को सुमेलित करके उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : 1

कॉलम-1	**कॉलम-2**
1. सहयोग का अहसान मानना	i. केवल नियंत्रण नहीं है ।
2. परिपक्वता का अर्थ	ii. संबंधों को प्रगाढ़ बनाता है ।
3. सहयोग खुले मन से स्वीकारना	iii. रिश्तों में दीवार बनाता है ।

विकल्प :

(A) 1 – i, 2 – ii, 3 – iii

(B) 1 – ii, 2 – i, 3 – iii

(C) 1 – iii, 2 – i, 3 – ii

(D) 1 – iii, 2 – ii, 3 – i

(iv) एक-दूसरे के प्रति मैत्री-भाव का क्या परिणाम होता है, स्पष्ट कीजिए । 2

(v) रिश्तों में मतभेद स्वाभाविक है, इससे ऊपर कैसे उठा जा सकता है ? 2

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **7**

पिछले कुछ वर्षों में इसरो ने अपनी सफलताओं से दुनिया के सामने अपनी क्षमता का परिचय दिया है । इससे पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ी है । अंतरिक्ष अभियानों में भारत की सहभागिता को लेकर पहले जो विकसित पश्चिमी देश सवाल उठाते थे, आज वही देश अपने उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए भारतीय राकेटों का सहारा ले रहे हैं । निस्संदेह अंतरिक्ष में भारत को आगे ले जाने की कड़ी-दर-कड़ी ये कोशिशें इन अभियानों की जटिलता और उनसे जुड़ी तैयारियों और हमारे वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और अंतरिक्ष यात्रियों के योगदान और दिन-रात के अथक परिश्रम की झलक दिखाती है । इस दृष्टि से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की यह अंतरिक्ष यात्रा भारत के लिए कई मायनों में महत्त्वपूर्ण है । स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के बाद ऐसा करने वाले वे दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं, जिससे अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की बढ़ती क्षमताओं और वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती भूमिका रेखांकित होती है । साथ ही, यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय सहयोग और भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमताओं का प्रतीक है ।

शुभांशु शुक्ला की कहानी लाखों भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है । उनकी यात्रा दिखाती है कि कड़ी मेहनत, समर्पण और अपने सपनों पर दृढ़ विश्वास करके कोई भी बाधाओं को पार कर सकता है । अपने जुनून का अनुसरण कर उन्होंने एक ऐसे क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है । शुभांशु शुक्ला की इस सफल अंतरिक्ष यात्रा से भारत के अंतरिक्ष अभियानों को प्रोत्साहन मिलेगा और भविष्य में अधिक नवीन परियोजनाओं को बल मिलेगा ।

(i) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर के लिए सर्वाधिक सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

- **कथन :** अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर भारत की साख बढ़ी है ।
- **कारण :** इसरो ने अपनी कामयाबियों से दुनिया को अपनी क्षमता का परिचय दिया ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन गलत है और कारण सही है ।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(ii) गद्यांश के अनुसार, राकेश शर्मा के बाद शुभांशु की यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय क्यों है ? इस प्रश्न के उत्तर में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए । **1**

I. भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की निरंतरता और विकास को दर्शाती है ।

II. इससे भारत के अंतरिक्ष उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और स्थिति सुदृढ़ होगी ।

III. यह यात्रा अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की प्रगति और वैश्विक पहुँच दर्शाती है ।

IV. यह पहली बार भारत द्वारा स्वतंत्र रूप में किया गया मानव मिशन है ।

विकल्प :

(A) I – II – III

(B) I – II – IV

(C) II – III – IV

(D) I – III – IV

(iii) शुभांशु शुक्ला की यात्रा भारतीय युवाओं को क्या संदेश देती है ? **1**

(A) धन और प्रसिद्धि कमाने का

(B) अंतरिक्ष यात्रा के सपने सच करने का

(C) विज्ञान विषय पढ़ अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने का

(D) कड़ी मेहनत और समर्पण से सपने सच करने का

(iv) इसरो ने विकसित पश्चिमी देशों की सोच कैसे बदली ? **2**

(v) 'अंतरिक्ष अभियान एक जटिल और साझा अभियान है ।' गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए । **2**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खंड – ख

(व्यावहारिक व्याकरण) 16

3. 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) सीता ने उसे अपनी कोठरी में समझाना शुरू किया । (क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए ।)

(ii) आकाश में उड़ती पतंग कट गई । (संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए ।)

(iii) वहीद क्लास का सबसे तेज़ लड़का था । (विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए ।)

(iv) शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम आज शांत क्यों हो । (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।)

(v) वे चौबारे में बहुत आराम से रह रहे थे । (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।)

4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) पेट में सात सुइयाँ लगीं तो टोपी के होश ठिकाने आए । (सरल वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।)

(ii) सीता को घर के सभी छोटे-बड़े डाँट लिया करते थे । (मिश्र वाक्य में बदलकर लिखिए ।)

(iii) टोपी ने वह कोट किसी को दे दिया क्योंकि वह मुन्नी बाबू की उतरन थी । (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए ।)

(iv) सारे घर ने उसे जबान की नोक पर रख लिया । (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए ।)

(v) पढ़ाई में काफ़ी तेज़ होने पर भी उसे कोई पढ़ने ही नहीं देता था । (संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए ।)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) 'गिरिधर' पद किस समास का उदाहरण है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'महात्मा' पद का विग्रह कर्मधारय समास में कीजिए ।

(iii) 'दोपहर' पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

(iv) 'लोक में प्रिय' व्यक्ति ही चुनाव जीत सकता है । (रेखांकित पदों से सामासिक पद बनाकर भेद लिखिए ।)

(v) द्वंद्व समास के किसी एक उदाहरण का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) 'साधारण बात का बढ़ा-चढ़ा कर वर्णन करना' – अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखिए ।

(ii) जब मेरे दरजे में आओगे,तो ये सारे _____ पड़ेंगे । (रिक्त-स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए ।)

(iii) 'आँख का काँटा होना', 'आँख का तारा होना' मुहावरे में अर्थ की दृष्टि से अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'टका-सा जवाब देना' – मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(v) जो कुछ कहता हूँ उसे गिरह बाँधिए, नहीं तो पछताना पड़ेगा । पंक्ति में से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग करें ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खंड – ग

(पाठ्य–पुस्तक एवं पूरक पाठ्य–पुस्तक) 28

7. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) 'बड़े भाई साहब' के स्वभाव की कौन सी दो विशेषताएँ आप अपनाना चाहेंगे और क्यों ?

(ii) तताँरा–वामीरों ने द्वीप पर चली आ रही रूढ़ि को चुनौती कैसे दी और उसका क्या परिणाम हुआ ? 'तताँरा–वामीरों' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(iii) 'तीसरी कसम' के शिल्पकार शैलेंद्र पाठ में शैलेंद्र की किन चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ? किन्हीं दो के बारे में संक्षेप में लिखिए ।

(iv) बढ़ती आबादी एवं प्रदूषण का प्राकृतिक उपादानों पर क्या असर हुआ ? 'अब कहाँ दूसरों के दुखों से दुखी होने वाले' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

8. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर चढ़ झंडा फहरा रही थीं और घोषणा पढ़ रही थीं । स्त्रियाँ बहुत बड़ी संख्या में पहुँच गई थीं । प्रायः सबके पास झंडा था । जो वालेंटियर गए थे वे अपने स्थान से लाठियाँ पड़ने पर भी हटते नहीं थे ।

सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया । कुछ देर बाद ही स्त्रियाँ जुलूस बनाकर वहाँ से चलीं । साथ में बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई । बीच में पुलिस कुछ ठंडी पड़ी थी, उसने फिर डंडे चलाने शुरू कर दिए । अबकी बार भीड़ ज़्यादा होने के कारण बहुत आदमी घायल हुए । धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया और करीब 50-60 स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गई । पुलिस ने उनको पकड़कर लालबाज़ार भेज दिया । स्त्रियों का एक भाग आगे बढ़ा जिसका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रहीं थीं । उनको बहू बाज़ार के मोड़ पर रोका गया और वे वहीं मोड़ पर बैठ गई । आस–पास बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई, जिस पर पुलिस बीच–बीच में लाठी चलाती थी ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(i) महिलाओं द्वारा मोनुमेंट पर झंडा फहराना किस बात का प्रतीक है ?

(A) महिलाओं की शारीरिक शक्ति का

(B) स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का

(C) समाज में महिलाओं के महत्त्व का

(D) अंग्रेज सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन का

(ii) गद्यांश में दी गई घटना से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की किस विशेषता का पता चलता है ?

(A) आंदोलन देश के सभी हिस्सों में चल रहा था ।

(B) अंग्रेज सरकार भारतवासियों के जोश से डरी हुई थी ।

(C) आंदोलन में पुरुष और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी थी ।

(D) आंदोलन में हिंसक साधनों का प्रयोग किया जा रहा था ।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर के लिए सर्वाधिक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : ब्रिटिश प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों पर लाठी चार्ज किया जा रहा था ।

कारण : स्वतंत्रता आंदोलन को असफल बनाने के लिए प्रशासन दमनकारी रवैया अपना रही थी ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन गलत है और कारण सही है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(iv) गद्यांश के आधार पर 'भीड़ का पुनः बढ़ते जाना' – किसे प्रभावित कर रहा था ?

(A) पुलिस को

(B) स्त्रियों को

(C) सुभाष बाबू को

(D) वालेंटियर को

(v) घायलों की संख्या में बढ़ोतरी का कारण था –

(A) सुभाष बाबू का जेल जाना

(B) भारी भीड़ का जुट जाना

(C) स्त्रियों द्वारा डंडे चलाना

(D) अंधाधुंध गोलियाँ चलना

9. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) कबीर की साखियों में कौन-कौन से जीवन-मूल्य उभरते हैं ?

(ii) 'विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं' 'आत्मत्राण' कविता से उद्धृत पंक्ति के संदर्भ में कवि की विशेषताएँ लिखिए ।

(iii) 'जान देने की रुत रोज आती नहीं' – 'कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'पर्वतीय प्रदेश में पावस' कविता में पंत जी ने बादलों और पर्वत की लुका छिपी की जो कल्पना की है उसे अपने शब्दों में लिखिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

10. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

क्षुधार्त रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,

तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी ।

उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,

सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर–चर्म भी दिया ।

अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे ?

वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(i) रंतिदेव के व्यक्तित्व के लिए कौन सा कथन **अनुपयुक्त** है ?

(A) राजा होते हुए भी पहले प्रजा का ध्यान रखना

(B) अपनी भूख को दबाकर दूसरे के प्रति उदार भाव रखना

(C) हाथ में आए भोजन के थाल का सम्मान न करना

(D) स्वयं भूखे रहकर सामने वाले भूखे का पेट भरना

(ii) कॉलम-I को कॉलम-II से सुमेलित कीजिए और उचित विकल्प का चयन लिखिए ।

कॉलम-I	**कॉलम-II**
1. रंतिदेव	i. शरीर–चर्म
2. दधीचि	ii. भोजन
3. शिवि	iii. शरीर–मांस
4. कर्ण	iv. अस्थियाँ

(A) (1 – iii), (2 – ii), (3 – iv), (4 – i)

(B) (1 – iv), (2 – iii), (3 – i), (4 – ii)

(C) (1 – ii), (2 – iv), (3 – iii), (4 – i)

(D) (1 – ii), (2 – i), (3 – iv), (4 – iii)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(iii) काव्यांश में रंतिदेव, दधीचि, शिवि और कर्ण के उदाहरण क्यों दिए गए हैं ?

(A) उनकी महानता दिखाने के लिए

(B) उन्हीं की तरह परोपकारी बनने के लिए

(C) उनकी प्रसिद्धि बताने के लिए

(D) उनका गुणगान करने के लिए

(iv) काव्यांश में 'अनित्य देह' और 'अनादि जीव' का विरोधाभास क्यों प्रस्तुत किया गया है ?

(A) शरीर की नश्वरता का उल्लेख करने के लिए ।

(B) शरीर को महत्त्वहीन बताने के लिए ।

(C) आत्मा की अमरता का उल्लेख करने के लिए ।

(D) क्षणभंगुर शरीर का मोह छोड़ परोपकारी बनने के लिए ।

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर के लिए सर्वाधिक सही विकल्प चुनिए :

कथन : अनित्य देह के लिए अनादि जीव को भयभीत नहीं होना चाहिए ।

कारण : शरीर नश्वर है और आत्मा अमर है इसलिए शरीर का मोह छोड़ परोपकार में जीवन लगाना चाहिए ।

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(i) 'रिश्तों की बुनियाद प्रेम है ।' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'सपनों के से दिन' पाठ में बच्चों की विद्यालय के प्रति रुचि और अरुचि का वर्णन हुआ है । आपको विद्यालय जाना किन कारणों से अच्छा लगता है और किन कारणों से नहीं ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) 'हरिहर काका' की कहानी पढ़ने के बाद आप अपने पड़ोसी बुजुर्ग दादू को इस कहानी का उल्लेख देते हुए कैसे सावधान करेंगे ?

खंड – घ

(रचनात्मक लेखन) **22**

12. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए : **5**

(i) आप दीप/दीपिका हैं । राजकीय स्तर पर आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में आपने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है । उसकी जानकारी देते हुए अपनी/अपने प्रधानाचार्या/प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

अथवा

(ii) आपने कुछ खेल-सामग्री खरीदी थी लेकिन प्रयोग के समय गुणवत्ता पर वह खरी नहीं उतरी है । कंपनी प्रबंधक को इसकी शिकायत करते हुए उसे बदलने के लिए एक पत्र लिखिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **5**

(i) प्लास्टिक को दे तिलांजलि

- स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए हानिकारक
- वैकल्पिक वस्तुओं का उपयोग
- पर्यावरण संरक्षण

(ii) ऑनलाइन खरीददारी

- खरीददारी का नया रूप
- सुख-दुख
- सावधानी अपेक्षित

(iii) भारतीय संस्कृति में पर्व और उत्सवों का महत्त्व

- सांस्कृतिक धरोहर
- मेल-मिलाप का अवसर
- आनंददायक

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लिखिए : **3**

(i) स्थानीय पुलिस द्वारा लड़कियों की आत्मरक्षा हेतु निःशुल्क कराटे शिविर का आयोजन किया जा रहा है, उसके प्रचार-प्रसार के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

अथवा

(ii) आपकी माताजी घर पर छोटे बच्चों के लिए स्वेटर, टोपी आदि बनाकर बेचती हैं । उनके कारोबार के प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में विज्ञापन लिखिए : **4**

(i) आप ओजस्विन/ओजस हैं । आप अपने स्कूल के विद्यार्थी परिषद् के खेल सचिव हैं । कक्षा 10 के विभागों में खो-खो का मैच आयोजित किया जा रहा है । छात्रों को इसकी जानकारी के लिए एक सूचना तैयार कीजिए ।

अथवा

(ii) आप मोहल्ला सुधार समिति के सचिव ओजस्विन/ओजस हैं । बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ हेतु क्षेत्र में लगने वाले शिविर में लोगों से खुले हाथों दान करने का आग्रह करते हुए एक सूचना तैयार कीजिए ।

16. (i) चंद्रमा की चाँदनी में नहाई हुई फसल लहलहा रही थी । वह आनंदमग्न चला जा रहा था कि अचानक ..... इस पंक्ति को आगे बढ़ाते हुए लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **5**

अथवा

(ii) आपके मोहल्ले के बिजली के खंभे में बार-बार आग की चिंगारी निकलती देखी गई है । उसे ठीक करवाने का अनुरोध करते हुए विद्युत अधिकारी को लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE